Department of Higher Education
Govt. of Uttarakhand

उत्तराखण्ड राज्य

Entrepreneurship Development Institute of India

# DEVBHOOMI UDYAMITA YOJANA

## DUY - Media Coverage

# STARTUP BOOTCAMP

Volume: 1

**STARTUP BOOTCAMP 01 TO 19**

# Startup Boot Camp News

## Dr. Shivanand Nautiyal Govt. Post Graduate College Karnaprayag, Chamoli

### कर्णप्रयाग कॉलेज में लगेगा स्टार्ट अप बूट कैंप

**कर्णप्रयाग।** पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग चमोली में 28 एवं 29 नवंबर को दो दिवसीय स्टार्ट अप बूट कैंप आयोजित होगा। कैंप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को आगामी वर्ष में देहरादून में होने वाले मेगा स्टार्ट अप इवेंट में ले जाकर निवेशकों द्वारा निवेश करवाया जाएगा। प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि इस कैंप में कर्णप्रयाग एवं नंदासैण में स्थित आईटीआई, पॉलिटेक्निक गौचर और राजकीय महाविद्यालय नंदासैण से विद्यार्थियों को भी बुलाया गया है। डॉ. हरीश बहुगुणा ने बताया कि कैंप में विद्यार्थियों को उद्यमिता, स्टार्टअप, नवाचार के बारे में बताया जाएगा। संवाद

## बुलंदवाणी, 30 नवंबर 2023

### कर्णप्रयाग महाविद्यालय में आयोजित हुआ दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप

बुलन्द वाणी संजय राजपूत

**चमोली, कर्णप्रयाग।** डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में दो दिवसीय स्टार्ट अप बूट कैंप आयोजित हुआ। कैंप के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य प्रो.के.एल. तलवाड़ ने अतिथियों के स्वागत संबोधन में कहा कि राज्य सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के सहयोग से संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना का लक्ष्य उत्तराखंड के युवाओं को स्वरोजगार एवं रोजगार निमार्ता के रूप में विकसित करना है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद से आए अभिषेक नंदन एवं गौतम कुमार ने योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। कर्णप्रयाग क्षेत्र के स्थानीय उद्यमी अंशुल भट्ट, कर्ण भट्ट एवं डॉ.सुशील चंद्र सती ने अपनी उद्यम विकास यात्रा के द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।




दो दिवसीय कैंप के समापन के दौरान जिला उद्योग केंद्र से बद्री सती जी एवं जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व उद्यमी विनोद नेगी ने उत्तराखंड में उद्यम के अवसर के बारे में बताया। प्रो. भारती सिंघल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश बहुगुणा ने किया। डॉ. मदन लाल शर्मा, विजय कुमार एवं हिना नौटियाल ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस सत्र में डॉ.तौफीक अहमद, डॉ. डी.एस.राणा, डॉ.चंद्रमोहन जनस्वाण, श्री जितेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# स्टार्टअप बूट कैंप में दिया उद्यमिता का प्रशिक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

जयहरीखाल। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत उद्यमिता केंद्र का उद्‌घाटन हुआ। इस मौके पर स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन भी किया गया।

इस दौरान प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता एवं कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। स्टार्टअप बूट कैंप में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के डॉ. सुमित कुमार ने छात्रों को आयुर्वेद औषधि, हर्बल टी, टूरिज्म, पार्लर, फल प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया। साथ ही उद्यमिता के संबंध में छात्र-छात्राओं के सुझाव भी लिए। कहा कि उत्कृष्ट सुझावों को मेघा स्टार्टअप योजना में शामिल किया जाएगा।

### छात्रों को दिया गया आयुर्वेद औषधि, हर्बल टी, टूरिज्म और पार्लर का प्रशिक्षण

उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. शुभम काला ने बताया की देवभूमि उद्यमिता केंद्र के साथ इंस्टीट्यूट इनोवेशन सेल (आईआईसी) की पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 150 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 120 ने प्रतिभाग किया।

# होम स्टे योजना की जानकारी दी

जयहरीखाल। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत आयोजित दो दिवसीय बूट कैंप में छात्रों को मौन पालन और होम स्टे योजना की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने कहा कि निश्चित रूप से यह बूट कैंप उद्यमिता एवं नवाचार की दिशा में लाभदायक सिद्ध होगा। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. शुभम काला ने अहमदाबाद ट्रेनिंग के अनुभवों को प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया।

विमल रावत ने पर्यटन विभाग की होम स्टे योजना के बारे में बताया। कहा कि होम स्टे के जरिये बेहतर स्वरोजगार किया जा सकता है। छात्र अनिमेष असवाल, नेहा, नवनीत, निकिता, प्रफुल्ल नेगी आदि ने हर्बल दवाएं, पुस्तकालय, साहसिक एवं धार्मिक पर्यटन, डेरी उत्पाद, स्थानीय कोचिंग सेंटर आदि के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। संवाद

# देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत आईक्यूएसी एवं करियर काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का हुआ उद्घाटन

**बुलन्द वाणी संजय राजपूत**



**पौड़ी गढ़वाल, थलीसैंण।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत आईक्यूएसी एवं करियर काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रेनू रानी बंसल, उद्यमिता विकास संस्थान के संदर्भदाता डॉ सुमित कुमार तथा उद्यान एवं वानिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ अंशुमन सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उसके पश्चात महाविद्यालय के उद्यमिता विकास समिति के संयोजक डॉ नीरज असवाल ने आये अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य रेनू रानी बंसल ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं से कहा कि हम आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को तभी प्राप्त कर सकते हैं जब स्वयं आत्मनिर्भर होंगे। इसके लिए हमें उद्यमी बनना पड़ेगा। यह कार्यक्रम उन्हें इस दिशा में एक राह दिखाएगा। देवभूमि उद्यमिता योजना, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून से डॉ सुमित कुमार ने विस्तृत रूप से उद्यमिता संबंधी प्रशिक्षण के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में कौशल विकास व स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा पांच बेस्ट स्टार्टअप आईडियाज को देहरादून में होने वाले मेगा इवेंट व 12 दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा। कार्यक्रम में उद्यान एवं वानिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ अंशुमन सिंह ने हॉर्टिकल्चर में उद्यमिता के संभावना को विस्तार से बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय में उद्यमिता केंद्र की स्थापना की गई। इसी के साथ महाविद्यालय में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की स्थापना के प्रक्रिया शुरू की गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# देवभूमि उद्यमिता योजना के अन्तर्गत चल रहे दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैम्प का सफलतापूर्वक समापन

**बुलन्द वाणी संजय राजपूत**



**पौड़ी गढ़वाल, थलीसैंण।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण देवभूमि उद्यमिता योजना के अन्तर्गत आईक्यूएसी एवं करियर काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैम्प का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

इस कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के अवसर पर प्रथम सत्र में विशेषज्ञ के रूप में डॉ दीपिका चौहान , कृषि वैज्ञानिक, उद्यान एंव वानिकी विश्वविद्यालय भरसार ने पर्वतीय क्षेत्र में कृषि के क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया । द्वितीय सत्र में छात्र - छात्राओं द्वारा थलीसैंण क्षेत्र में जैविक कृषि , सौर ऊर्जा , जलकृषि , डेयरी व्यवसाय , मधुमखी पालन , मोटा अनाज आदि में स्वरोजगार , उद्यम आदि के सम्बन्ध विद्यमान समस्याओं व उनकी संभावनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किये । इसके उपरान्त गणित विभाग प्रभारी डॉ बिपेन्द्र सिंह रावत ने छात्र - छात्राओं को स्वरोजगार में अपने कैरियर की संभावनाओं को तलाशने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रेनू रानी बंसल के द्वारा की गई । इस कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ विकास प्रताप सिंह द्वारा किया गया` इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे ।



धैर्य और अनुशासन से आगे बढ़े विद्यार्थी


कार्यालय– प्रभागीय वना

पत्रांक– 3676/4-1
दिनांक– 06.12.2023

# बागेश्वर में स्टार्टअप बूट कैंप शुरू

बागेश्वर, संवाददाता। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय स्टार्ट अप बूट कैंप प्रारंभ हो गया है। शिविर उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड सरकार से प्रायोजित है। भारतीय उद्यमिता संस्थान, अहमदाबाद आयोजित कर रहा है।

पंडित बीडी पांडे कैंपस पर आयोजित बूट कैंप का एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल रविंद्र सिंह भंडारी ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नवाचार, उद्यमिता की जागरूकता जगाना और स्टार्ट अप के लिए तैयार करना है। उन्होंने उद्यम में अनुसाशन के महत्त्व पर चर्चा की। कोई भी काम में धैर्य और अनुशासन जरूरी है। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. जीवन सिंह गड़िया ने कहा कि कार्यक्रम से छात्रों में जागरूकता आएगी। वह नवाचार और उद्यमी




बागेश्वर कैंपस में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। • हिन्दुस्तान

बनेंगे। नोडल अधिकारी डॉ. कमल किशोर जोशी ने छात्रों का उद्यम के प्रति उत्साह वर्धन किया। पलायन रोकने और राज्य के तरक्की के लिए उत्तम पहल बताया। कार्यक्रम में पर्यावरणविद एवं सामाजिक उद्यमी किशन सिंह मलडा, आरसेटी से प्रकाश चंद्र पांडे, व्यवसायी राजू चौबे, ईडीआईआई से अभिषेक नंदन ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। उद्यम के विषय जैसे उद्यमी के गुण, उद्यमी बनने के फायदे, उद्यम अवसर की पहचान एवं चयन, उद्यम स्थापना प्रक्रिया, समस्या समाधान, मार्केटिंग, किस कार्य के लिए किससे मिले आदि की विस्तार से जानकारी दी। संचालन डॉ. भगवती नेगी ने किया।

KHABAR UTTARAKHAND LIVE

# देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप का हुआ आयोजन

KhabarUttarakhandLive Desk   December 5, 2023




खबर शेयर करें -

उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रायोजित एवं भातीय उद्यमिता संस्थान, अहमदाबाद द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप कार्यक्रम का शुभारम्भ आज, मंगलवार को पंडित बद्री दत्त पाण्डेय परिसर, बागेश्वर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वक्तायों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नवाचार, उद्यमिता की जागरुकता जगाना तथा स्टार्टअप के लिए तैयार करना है।






कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रविंद्र सिंह भंडारी रहे उन्होंने उद्यम में अनुशासन के महत्व पर चर्चा की उन्होंने कहा कि हम कोई भी काम क्यों न करें पर हमें अनुशासित और धैर्य बनाये रखना होता है जीवन के हर एक पहलु में अनुशासन महत्वपूर्ण है।

यह भी पढ़ें 👉 [illegible]

महाविद्यालय के निदेशक डॉ जीवन सिंह नगिया प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम से जनपद में छात्रों में जागरूकता आयेगी और वे नवाचार और उद्यमी बनने के बारे में जरूर आगे बढ़ेंगे। नोडल अधिकारी डॉ कमल किशोर जोशी ने छात्रों का उद्यम के प्रति उत्साह वर्धन करते हुए इसे पलायन रोकने और राज्य के तरक्की हेतु उत्तम पहल बताया।

यह भी पढ़ें 👉 उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के 200 नर्सिंग अधिकारियों को सीएम धामी ने नियुक्ति पत्र किए प्रदान




कार्यक्रम में पर्यावरणविद एवं सामाजिक उद्यमी किशन सिंह मलड़ा, आरसेटी-बागेश्वर से प्रकाश चन्द्र पाण्डेय स्थानीय व्यवसायी राजू धौने और ईडीआईआई से अभिषेक नंदन रहे ने बात ले कर छात्रों को मार्गदर्शित किया।

## स्वावलंबी बनने को युवाओं ने सीखे उद्यमिता के गुर

संस, सोमेश्वर : हुकुम सिंह बोरा राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप में युवाओं को उद्यमिता के गुर सिखाए गए। मौके पर उन्हें स्वरोजगार को प्रेरित करते हुए सफल उद्यमियों के बारे में जानकारी दी गई। महाविद्यालय में आयोजित स्टार्टअप बूट कैंप में प्राचार्य प्रो. अवनींद्र जोशी की अध्यक्षता में कालेज परिसर में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की स्थापना की गई। इसके बाद उद्यमिता विशेषज्ञों देवभूमि उद्यमिता योजना देहरादून से आए गौतम कुमार, सोमेश्वर क्षेत्र के सफल उद्यमी विनोद उपाध्याय, विराट नेगी, ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के राजेंद्र सिंह रावत ने स्टार्टअप की जानकारी देते हुए वित्तीय जागरूकता का पाठ पढ़ाया। युवा उद्यमी ललित सिंह खाती ने युवाओं को बिजनेस शुरू करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। एनएसइ से आए महेश ◌ैड़ा ने विद्यार्थियों को स्टॉक एक्सचेंज में निवेश के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी विवेक आर्या ने बताया कि इस बूट कैंप में विद्यार्थियों का भारी उत्साह देखा गया और रजिस्ट्रेशन कराने हेतु भारी भीड़ नजर आई लगभग 250 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया।

## विद्यार्थियों ने सीखे उद्यमिता के गुर

सोमेश्वर (अल्मोड़ा)। सोमेश्वर महाविद्यालय में स्टार्ट अप बूट शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को उद्यमिता के गुर सिखाए गए। देहरादून से आए गौतम कुमार, एनएससी के महेश सिंह गैड़ा ने स्टॉक एक्सचेंज में निवेश की जानकारी दी।

**स्टॉक एक्सचेंज में निवेश की जानकारी दी**

विनोद उपाध्याय ने कहा कि कृषि, औद्यानिकी, हस्तकला सहित अन्य उद्योगों से स्वरोजगार से जुड़ा जा सकता है। संचालन नीरज पांगती ने किया। वहां प्राचार्य प्रो. अवंनींद्र कुमार, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. विवेक कुमार आर्या, ललित सिंह खाती सहित कई विद्यार्थी और प्राध्यापक मौजूद रहे। संवाद

## युवाओं को रोजगार शुरू करने के गुर सिखाए

**सोमेश्वर महाविद्यालय में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन**

सोमेश्वर, संवाददाता। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत राजकीय महाविद्यालय सोमेश्वर में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन किया गया। बूट कैंप के लिए 250 से अधिक प्रतिभागियों की ओर से रजिस्ट्रेशन करवाया गया। प्रतिभागियों को रोजगार अर्जित करने के टिप्स दिए गए।

कैंप में प्राचार्य प्रो. अवनींद्र कुमार जोशी की अध्यक्षता में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की स्थापना की गई। देवभूमि उद्यमिता योजना देहरादून के गौतम कुमार ने स्टॉक एक्सचेंज में निवेश आदि के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए गये। इस मौके पर ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के राजेंद्र सिंह रावत, विनोद उपाध्याय, विराट नेगी, ललित सिंह खाती, महेश सिंह गैड़ा, नीरज सिंह पांगती समेत अवसर महाविद्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# रोजगार की संभावनाएं अब स्वरोजगार में होंगी

हल्द्वानी, अमृत विचार : महिला महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का उद्घाटन हुआ। कैंप में छात्राओं को स्टार्टअप के बारे में जानकारी दी गई।




छात्राओं को स्टार्टअप की जानकारी देतीं प्राचार्य डॉ. शशि पुरोहित।

प्राचार्य प्रोफेसर शशि पुरोहित ने कहा कि रोजगार की संभावनाएं अब स्वरोजगार में होंगी। स्टार्टअप के जरिए हम अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ सकते हैं। उद्यमिता प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफेसर नरेंद्र कुमार, डॉ. रेखा जोशी, डॉ. सुमित ने छात्राओं को बताया कि स्टार्टअप कैसे शुरू कर सकते हैं। इस दौरान संचालक डॉ. नेहा सिंह, डॉ. गीता पंत, डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. चंद्र प्रकाश, डॉ. संजय, डॉ. सरस्वती बिष्ट, डॉ. विभा पांडे, डॉ. नीता शाह, डॉ. प्रभा शाह, डॉ. रूचि रजवार, डॉ. मंजरी चौधरी, डॉ. अंजू पालीवाल रहे।

# महाविद्यालय डाकपत्थर में उत्तराखंड देवभूमि उद्यमिता योजना शुरू

**विकासनगर (शाह टाइम्स)।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तराखंड देवभूमि उद्यमिता योजना शुरू हुई। छात्रा-छात्राओं को स्वरोजगार के लिए मिलेगा कौशल प्रशिक्षण। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में केंद्र सरकार द्वारा युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए और देश में बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए कई प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसके माध्यम से युवाओं का कल्याण हो रहा है। गौतम कुमार प्रसाद उद्यमिता विशेषज्ञ ने महाविद्यालय के छात्रा-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए एक नई योजना की शुरूआत की गई है। जिसका नाम उत्तराखंड देवभूमि उद्यमिता योजना है। इस योजना के माध्यम से राज्य के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। जिससे राज्य में बढ़ रही बेरोजगारी दर को कम किया जा सकेगा। महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमता विकास योजना के नोडल अधिकारी डा. हरीश चन्द्र ने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा देवभूमि उद्यमिता योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य राज्य के विश्वविद्यालय और कालेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उद्यमिता और कौशल का निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करना है।

# पीजी कॉलेज उत्तरकाशी में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय स्टार्टअप बूट का हुआ शुभारंभ

## भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के तत्वावधान में हुआ आयोजित




**उत्तरकाशी।** राम चंद्र उनियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड तथा देवभूमि उद्यमिता योजना के तत्वाधान में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का शुभारंभ हो गया। शुक्रवार को देवभूमि उद्यमिता विकास की नोडल प्रो मधु थपलियाल, प्रो शांतनु त्रिपाठी आई आई टी, मुंबई, डॉ सचिन चौहान, दीपक चौहान स्टार्ट अप एक्सपर्ट, ई डी आई आई के इंटरप्रेनुर एक्सपर्ट गौतम कुमार प्रसाद तथा महाविद्यालय की देवभूमि उद्यामिता समिति, स्किल डेवलपमेंट समिति तथा केरियर काउंसलिंग समिति के समस्त प्राध्यापकों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की नोडल प्रो मधु थपलियाल ने सभी आगंतुक विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए कहा कि इस स्टार्टअप बूट कैंप में आई आई टी बॉम्बे , ई डी आई आई , अहमदाबाद आदि प्रसिद्ध संस्थानों से विषय विशेषज्ञ अपने विचार उत्तरकाशी के सभी महाविद्यालय , पॉलिटेक्निक, आई टी आई, जी जी आई सी आदि सभी संस्थानों के छात्रों के साथ इंटरएक्टिव सेशन के माध्यम से साझा करेंगे और छात्रों को अपने विचार व्यक्त करने को प्रेरित भी करेंगे। सभी विशेषज्ञ छात्रों में छिपी प्रतिभा को उभारते हुए बेस्ट पांच बिजनेस आइडिया को आगामी गढ़वाल अथवा कुमाऊं क्षेत्र में होने वाले मेगा स्टार्टअप मेला ले कर जायेंगे ।साथ ही उन्होंने बताया कि कल महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता केन्द्र की स्थापना भी की जायेगी। कार्यक्रम में आए प्रो शांतनु, आई आई टी, बोम्बे,ने मत्स्य पालन तथा उत्तराखंड की पारिस्थितिकी के अनुरूप उद्यमिता विकास के विचार को साझा किया। डॉ सचिन, उद्यमिता विशेषज्ञ, ने मशरूम उत्पादन तथा टिश्यू कल्चर के माध्यम से नई पौधों की किस्म तैयार करके उद्यम स्थापित करने हेतु प्रेरित किया। डॉ दीपक चौहान, ई डी आई आई, अहमदाबाद ,ने छात्रों को कहानी के माध्यम से उद्यमिता की बारीकियों से अवगत कराया तथा बताया कि उद्यमिता हेतु किन गुणों की आवश्यकता होती है।

गौतम प्रसाद, ई डी आई आई, अहमदाबाद, ने छात्रों को बिजनेस मॉडल कैनवास एक्टिविटी के माध्यम से उद्यमिता हेतु छात्रों का मार्गदर्शन किया तथा अपने बिजनेस आइडिया को मूर्त रूप देने हेतु रूपरेखा बताई। उन्होंने ने कहा कि उत्तराखंड में पयर्टन, होम स्टे आदि की अपार संभावनाएं हैं।आप बिजनेस करेंगे तो निश्चित आप के आसपास के लोगों रोजगार भी डबल करेंगे।

उन्होंने उद्यमिता पर विस्तार पूर्वक बताया। डॉ अंजना रावत ने कार्यक्रम का संचालन करने के साथ साथ उद्यमिता की आवश्यकता तथा वर्तमान समय में प्रासंगिकता को सफल उद्यमियों का उदाहरण दे कर बताया। इस अवसर पर रूरल बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर के गिरिश उनियाल, मंजीरा देवी कॉलेज हितानु, पॉलिटेक्निक कॉलेज उत्तरकाशी, पिट्स आई टी आई नैताला, जी जी आई सी तथा महाविद्यालय की स्किल डेवलपमेंट समिति, करियर काउंसलिंग, देवभूमि उद्यमिता समिति के सभी सदस्य डॉ तिलक राम प्रजापति, डॉ वीरराघाव खंडूरी, डॉ रूचि कुलश्रेष्ठ, डॉ ऋचा बधानी, डॉ सुभाष व्यास, डॉ अनामिका छेत्री, डॉ प्रवीण भट्ट , डॉ प्रीति, डॉ मधु , डॉ पवन बिजलवान, डॉ अरविंद रावत , डॉ एम पी एस राणा, डॉ रोहित नेगी, डॉ परदेव, राजवीर , अरविंद बिष्ट, श्रीमती पुलमा आदि उपस्थित रहे।

# स्व0 बर्फिया लाल जुवांठा स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में देवभूमि उद्यमिता कैम्प की स्थापना के साथ दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**उत्तरकाशी।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद व उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार के सहयोग से स्व0 बर्फिया लाल जुवांठा स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में देवभूमि उद्यमिता कैम्प की स्थापना और दो दिवसीय बूट कैम्प के प्रथम दिवस में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात के विशेषज्ञ गौतम कुमार,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के तिवारी और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ विनय नौटियाल, छात्र संघ के अध्यक्ष अजय और ऋतिक ने द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। प्रथम दिवस में छात्रों को उद्यमिता और विचारों को उद्यम में परिवर्तित और नये विचारों से रोजगार सृजन के बारे में विस्तार से बताया गया। छात्रों को व्यवसायिक कैनवास पर व्यवसायिक मॉडल बनाने के टिप्स दिये गए और छात्रों द्वारा व्यवसायिक विचारों का कैनवास तैयार किया गया।




द्वितीय दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि, पहाड़ी उत्पादों के व्यवसायी नरेश नौटियाल व हार्क संस्था के राकेश कुमार और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के तिवारी ने द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ विनय नौटियाल द्वारा व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक जानकारी छात्रो को दी गयी, मुख्य अतिथि नरेश नौटियाल ने छात्र छात्राओं को स्वरोजगार के प्रति अपने अनुभव व मार्केटिंग रणनीति के बारे में विस्तार से बताया।

राकेश कुमार द्वारा उद्यमिता के लिए क्षेत्र में संभावनाओं पर विचार रखे गए, कृष्ण देव रतूड़ी ने बागवानी पर अपने अनुभव बतायें, डा० बिशम्बर जोशी ने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के बारे में जानकारी दी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रतिनिधि वीरेंद्र अवस्थी द्वारा म्यूचुअल फंड और स्टॉक मार्केटिंग के बारे में जानकारी दी गयी। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपने-अपने बिजनेस आइडिया को विशेषज्ञ समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के तिवारी, कार्यक्रम के नोडल डॉ विनय नौटियाल और विशेषज्ञ अतिथियों द्वारा महाविद्यालय में देवभूमि उद्यामिता केंद्र की स्थापना का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र लाल आर्य और गौहर फातिमा द्वारा मंच संचालन, डॉ तबस्सुम, विनोद कुमार, भुपाल कार्की, नरेश, फातिमा खान, मनबीर, जगनाथ असवाल, कुंदन सिंह, बलबीर चौहान, प्रताप सिंह, सरोज, ललिता, कुशमिला, अष्टम, सुमन, रमेश, प्रहलाद और छात्र अनुज, विवेक, शीशपाल, नीरज, मुकुलदेव, अश्वनी, देव, रोहन, तुषार और प्रकृति द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।




**पीजी कॉलेज उत्तरकाशी में बिजनेस आइडिया प्रस्तुत करने वाले छात्र।** संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**उत्तरकाशी/पुरोला।** पीजी कॉलेज उत्तरकाशी में स्टार्टअप बूट कैंप हुआ जिसमें 380 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया। इस दौरान 30 छात्रों ने बिजनेस आइडिया दिए। वहीं महाविद्यालय के मुख्य परिसर में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की स्थापना की गई। उधर, पुरोला कॉलेज में भी स्टार्टअप बूट कैंप का शुभारंभ हुआ।

उच्च शिक्षा निदेशालय व देवभूमि उद्यमिता योजना की पहल पर बूट कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पंजाब कृषि विवि के सेनि. प्रोफेसर अनिरूद्ध गर्ग ने छात्रों को सफल उद्यमी बनने के लिए जरूरी गुर बताए। बूट कैंप में उद्यमिता विशेषज्ञ विज्ञानेश्वर डंवाल, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के मुकुल वेदी, सेबी के बीरेंद्र अवस्थी ने विचार रखे।

खुशी नौटियाल ने पशु आश्रय बनाने, नीतिका ने हर्बल अगरबत्ती, प्रीतिका ने मशरूम उत्पादन, रोहित ने मिनरल वॉटर, अमीषा ने परंपरागत गहने, अभिनव ने लोकल खाद्य पदार्थ, रोहित ने जैविक खाद, आरती ने रिंगाल हस्तशिल्प आदि बिजनेस आइडिया प्रस्तुत किए।

उधर, पुरोला कॉलेज में भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद गुजरात एवं उच्च शिक्षा विभाग की पहल पर स्टार्ट अप बूट कैंप का शुभारंभ हुआ, जिसमें उद्यम विशेषज्ञ गौतम कुमार ने छात्रों को उद्यमिता व विचारों को उद्यम में परिवर्तित नए विचारों से रोजगार सृजन के बारे में जानकारी दी। कैंप के मुख्य अतिथि नरेश नौटियाल व हार्क संस्था के राकेश कुमार, प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने छात्रों को जानकारी दी।

कृष्णदेव रतूड़ी ने बागवानी और डॉ. विशम्बर जोशी ने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के बारे में बताया। इस मौके पर राजेंद्र आर्य, गौहर फातिमा, डॉ. तबस्सुम, विनोद कुमार, भुपाल कार्की मौजूद रहे।

## बूट कैंप 27 से

**पौड़ी।** राजकीय व्यवसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी में दो दिवसीय बूट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। देवभूमि उद्यमिता योजना केंद्र के नोडल अधिकारी गौरव जोशी ने बताया कि बूट कैंप 27 व 28 दिसंबर को होगा। संवाद

14:54

notriexpress.com

Hindi news (हिंदी समाचार) ,

उत्तरकाशी | बड़ी खबर | राज्य उत्तराखंड

# भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखडं ने लगाया पुरोला महाविद्यालय में देवभूमि कैंप।

by Arvind Thapliyal December 23, 2023 0 235

0



पुरोला/ अरविन्द थपलियाल। भारतीय उघमिता विकास संस्थान अहमदाबाद व उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार के सहयोग से बर्फिया लाल जुवांठा स्नातकोत्तर

14:55

होम राज्य क्विज राशिफल 2024 NEW देश

हिन्दुस्तान

Newswrap ● हिन्दुस्तान टीम,उत्तरकाशी

Sun, 24 Dec 2023 03:15 PM

हमें फॉलो करें

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात एवं उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से बीएल जुवांठा महाविद्यालय में दो दिवसीय उद्यमिता विकास गोष्ठी आयोजित हुई। साथ ही बूट कैंप देवभूमि उद्यमिता कैम्प की स्थापना की गई।

ऐप पर पढ़ें

दो दिवसीय बूट कैम्प के प्रथम दिवस भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान गुजरात से आये विशेषज्ञ गौतम कुमार ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता व विचारों को उद्यम में परिवर्तित कर नये विचारों से रोजगार सृजन के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने छात्रों को व्यवसायिक कैनवास पर व्यवसायिक मॉडल बनाने के टिप्स दिये। कैंप के मुख्य अतिथि, पहाड़ी उत्पादों के व्यवसायी नरेश नौटियाल व हार्क संस्था के राकेश कुमार समेत

होम फोटो विडियो फॉलो करें

11:32

MAKE YOUR FAVOURITE DRESS LOOK AS
BRIGHT AS NEW!
BUY NOW

देवभूमि उद्यामिता योजना

# गपर्नमेंट पीजी कॉलेज उत्तरकाशी में धरातल उतरने लगी है देवभूमि उद्यामिता योजना

Tirth Chetna December 22, 2023

0 शिक्षा



**Spread the love**

Post Views: 489

# उद्यमिता के क्षेत्र में हैं बेशुमार संभावनाएं

चम्पावत। पीजी कॉलेज में दो दिनी बूट कैंप का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो.सुनील कटियार ने किया। उन्होंने कहा कि उद्यमिता के क्षेत्र में बेशुमार संभावनाएं हैं। दो दिनी कैंप में छात्र छात्राओं को उद्यमिता की जानकारी दी जाएगी।

शुक्रवार को पीजी कॉलेज में बूट कैंप का उद्‌घाटन किया गया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान गुजरात के उद्यम विशेषज्ञ डॉ.सुमित, प्राचार्य डॉ. प्रणिता नंद, डॉ. जगदीपक जोशी, डॉ. बीपी ओली, डॉ.अशोक कुमार डॉ.निरुपमा तिवारी, डॉ.रितिका, छात्र संघ अध्यक्ष मुकेश महर, संदीप रहे।

15:50

Dainik Hawk.

Write something...

Anonymous post Photo Feeling

**Group posts**

**Chandrasen Kashyap**
3d ·

रामनगर,राजकीय स्नातकोतर महा विद्यालय चंपावत में दो दिवसीय बूट कैम्प का प्रभारी प्राचार्य डा प्रणित... See more



4

Like Comment Send Share

**Most relevant**

**Chandrasen Kashyap**

15:52

◆ मुख्य पृष्ट

# पीजी कॉलेज चंपावत में लगेगा देवभूमि उद्यमिता योजना का कैंप, फैकल्टी मेंबर करेंगे प्रतिभागियों का मार्गदर्शन

Posted By- (Mayank Pant(Reporter)) / 19-12-2023

Goonjj
गूँज .COM
www.goonjj.com
आपकी अपनी ख़बर

विज्ञापन / शुभकामनाएँ



17:31
In-store shopping
Curbside pickup
शिक्षा
पी जी कॉलेज उत्तरकाशी में हुआ दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का शुभारंभ
Ramesh Kuriyal
4 days ago
0
281
2 minutes read



11:32
MAKE YOUR FAVOURITE DRESS LOOK AS BRIGHT AS NEW!
BUY NOW
देवभूमि उद्यामिता योजना
गपर्नमेंट पीजी कॉलेज उत्तरकाशी में धरातल उतरने लगी है देवभूमि उद्यामिता योजना
Tirth Chetna
December 22, 2023
0
शिक्षा
Spread the love
Post Views: 489



देवभूमि उद्यामिता योजना
गपर्नमेंट पीजी कॉलेज उत्तरकाशी में धरातल उतरने लगी है देवभूमि उद्यामिता योजना
Tirth Chetna
December 22, 2023
0
शिक्षा

# व्यवसाय करने से पहले समस्या का चयन जरूरी

**शिविर**

**संवाददाता, लोहाघाट**

**अमृत विचार :** स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय में दो दिवसीय बूट कैंप शुरू हो गया है। प्राचार्य डा. संगीता गुप्ता की अध्यक्षता में शिविर का शुभारंभ मुख्य अथिति उद्यमिता विशेषज्ञ डा. सुमित कुमार ने किया। उन्होंने पावर प्वाइंट के माध्यम से स्थानीय चीजों, वस्तुओं से व्यवसाय शुरू करने के तौर तरीकों की जानकारी दी।

कहा कि किसी भी क्षेत्र में व्यवसाय शुरू करने से पहले उस क्षेत्र की समस्याओं को पहचानना, फिर उस समस्या के समाधान के लिए अपना विचार देना तथा विचार पर कार्य करना आवश्यक है। इस प्रकार की कार्ययोजना से हम अपने व्यवसाय को माडल के रूप में विकसित कर सकते हैं। इस दौरान छात्रों द्वारा चम्पावत जनपद में होने वाले व्यवसाय से संबंधित अनेक माडल दिए गए। डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने कहा कि बूट कैंप से छात्र-छात्राओं को उद्यमशीलता में बहुत लाभ मिलेगा।

इस दौरान डॉ. मीना जोशी, डॉ. प्रकाश लखेड़ा, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. स्वाति मेलकनी, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. पंकज टम्टा, डॉ. स्वाति बिष्ट, डॉ. सीमा नेगी, डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. शांति, डॉ. दिनेश राम, डॉ. सुनील कुमार, उमेश पुनेठा आदि मौजूद रहे।

# देवभूमि उद्यमिता योजना का केंद्र बना स्वामी विवेकानंद पीजी कालेज लोहाघाट



**उद्यम लगाने से पूर्व नए उद्यमियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पीजी कॉलेज में देवभूमी उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैम्प भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के सौजन्य से आयोजित किया गया। मुख्य अथिति डा. सुमित कुमार, उद्यमिता विशेषज्ञ द्वारा पॉवर पॉइंट के माध्यम से स्थानीय चीजों एवं वस्तुओं से किस प्रकार से अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं के विषय में जानकारियां दी।

डा. सुमित ने चम्पावत में किसी भी क्षेत्र में अपना व्यवसाय शुरू करने से पहले उस क्षेत्र की समस्याओं को पहचानना और उस समस्या के समाधान में अपना विचार देकर उस विचार पर कार्य कर उसे एक मॉडल के रूप में विकसित करने पर बल दिया। आयोजित बूट कैम्प में छात्रों द्वारा चम्पावत जिले में होने वाले नये-नये व्यवसाय में अनेक मॉडल दिए, जिन्हें चयन करके आगे देवभूमि उद्यमिता योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता से आगे बढ़ने का मौका दिया जाएगा, जिससे वे अपना रोजगार शुरू कर सकते है। डॉ. संगीता गुप्ता ने अध्यक्षता करते हुए कहा की उत्तराखंड शासन, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा स्थापित "देव भूमि उद्यमिता योजना केंद्र" पीजी कॉलेज लोहाघाट के माध्यम से यहाँ के स्थानीय छात्रों को अपना रोजगार शुरू करने के लिए यह बूट कैम्प का आयोजन किया गया है। बूट कैम्प में महाविद्यालय के अनेक छात्रों द्वारा उत्साह दिखाया। जिसमें उन्होंने अपने स्टार्टअप से नये-नये मॉडल को मंच के माध्यम से विस्तार के रूप में रखा, जिसे सभी अतिथियों द्वारा उनकी बातों को सराहा गया। डॉ. अर्चना त्रिपाठी, संयोजक, महाविद्यालय में कैरियर काउंसिल सैल ने कार्यक्रम की रूप रेखा रखी और कहा कि आयोजित बूट कैम्प से यहां के छात्र-छात्राओं को उद्यमशीलता में बहुत लाभ मिलेगा। वहाँ कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. मीना जोशी, सहसंयोजक एवं मीडिया प्रभारी डॉ. प्रकाश लखेड़ा, डॉ. अनिता सिंह, डॉ. स्वाति मेलक-ानी, डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. पंकज टम्टा, डॉ. स्वाति बिष्ट, डॉ. सीमा नेगी, डॉ.वीरेंद्र सिंह, डॉ. शान्ति, डॉ. दिनेश राम, डॉ. सुनील कुमार,व छात्र संघ पदाधिकारी एवं अनेक छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

# देवभूमि उद्यमिता स्टार्टअप के दो दिवसीय बूट कैम्प का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के सौजन्य से आयोजित पीजी कॉलेज लोहाघाट में आयोजित दो दिवसीय बूट कैंप का समापन मुख्य अतिथि मयंक पुनेठा द्वारा किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि मयंक पुनेठा ने छात्रों को एक अच्छे व्यवसायी होने के लिए आवश्यक गुणों - नये विचार, संगठन, प्रबंधन, धन, ईमानदारी, मेहनत,लगन तथा उत्पाद में शुद्धता पर जोर दिया। श्री पुनेठा ने अपने मानस डेरी व होम स्टे के बारे में शुरुआती दौर में आने वाली चुनौतियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। विशिष्ट अथिति डॉ. सुमित कुमार ने भविष्य में स्टार्टअप मेगा इवेंट में हर कालेज से 05 मॉडल स्टार्टअप को सेलेक्ट करने तथा कुल 500 स्टार्टअप के चयन की जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. संगीता गुप्ता ने कार्यक्रम अध्यक्षता करते हुए कहा कि पीजी कॉलेज लोहाघाट में स्थापित "देव भूमि उद्यमिता योजना केंद्र" यहाँ के स्थानीय छात्रों की पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार शुरू करने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। संयोजक डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने बूट कैम्प के माध्यम से सभी छात्रों को नये विचार मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में डॉ. ममता गंगवार तथा डॉ. प्रकाश लखेड़ा ने विस्तारपूर्वक स्टार्टअप की जानकारी दी। समापन सत्र में डॉ. अपरा. जिता,डॉ. अनिता सिंह, डॉ. स्वाति मेलकानी, डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. पंकज टम्टा, डॉ. स्वाति बिष्ट, डॉ. सीमा नेगी, डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. शान्ति, डॉ. दिनेश राम, डॉ. सुनील कुमार, श्री उमेश पुनेठा, छात्र संघ अध्यक्ष ऋतिक ढेक, एवं अन्य पदाधिकारी, रोजी, मुकेश, प्रियंका, कामाक्षी, नितिन चौबे, शिवानी, आकांक्षा, राहुल, पूर्णिमा, अंजली, मनीषा, पार्वती, अदिति, अंजलि, सचिन, अनुराग साह, चित्र बिष्ट, शिवानी राय, प्राची, कृतिका तिवारी, वर्तिका, आँचल, सीमा, मीना, चाँदनी, विक्रम राम, संजना गोस्वामी, आदि उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज लोहाघाट में रोजगार कौशल विकास प्रशिक्षण का हुआ समापन

**लोहाघाट।** प्राचार्य प्रो संगीता गुप्ता मैडम की अध्यक्षता में रोजगार कौशल विकास प्रशिक्षण का हुआ समापन हुआ। प्रो गुप्ता कार्यक्रम को छात्राओं के लिए बहुउपयोगी और आवश्यक बताया। मुख्य प्रशिक्षक श्री योगेंद्र ने छात्राओं की अनुशासन एवं सहभागिता की प्रशंसा की। कु रीतिका ने बच्चो को हर समय उनकी सहायता के लिए उपलब्ध होने की बात कही। मुख्य संयोजक डा अपराजिता ने छह दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया। डा वीरेन,अनिता सिंह,डा लता कैरा ,डा नीरज कांडपाल, डा सोनाली ,ऋतिक ,मनीष ,छात्र संघ ने पूर्ण सहयोग किया।

# छात्रों को अच्छे व्यवसायी बनने के गुर सिखाए

## • उद्यमिता स्टार्टअप के बूट कैंप का हुआ समापन

भास्कर समाचार सेवा

**लोहाघाट।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सौजन्य से आयोजित पीजी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय बूट कैंप का समापन मुख्य अतिथि मयंक पुनेठा द्वारा किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि मयंक पुनेठा ने छात्रों को एक अच्छे व्यवसायी होने के लिए आवश्यक गुणों-नए विचार, संगठन, प्रबंधन, धन, ईमानदारी, मेहनत, लगन तथा उत्पाद में शुद्धता पर ज़ोर दिया। विशिष्ट अथिति डॉ. सुमित कुमार ने भविष्य में स्टार्टअप मेगा इवेंट में हर कालेज से 5 मॉडल स्टार्टअप को सेलेक्ट करने तथा कुल 500 स्टार्टअप के चयन की जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. संगीता गुप्ता ने कार्यक्रम अध्यक्षता की।

संयोजक डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने बूट कैम्प के माध्यम से सभी छात्रों को नए विचार मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डॉ. ममता गंगवार तथा डॉ. प्रकाश लखेड़ा ने विस्तारपूर्वक स्टार्टअप की जानकारी दी। समापन सत्र में डॉ. अपराजिता,डॉ. अनिता सिंह, डॉ. स्वाति मेलकानी, डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. पंकज टम्टा, डॉ. स्वाति बिष्ट, डॉ. सीमा नेगी, डॉ.वीरेंद्र सिंह, डॉ. शान्ति, डॉ. दिनेश राम, डॉ. सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र एवं आयोजक।

## रोजगार कौशल विकास प्रशिक्षण का हुआ समापन

**लोहाघाट।** प्रांचार्य प्रों संगीता गुप्ंता मैडम की अध्यंक्षंता में रोजगार कौशल विकास प्रंशिक्षंण का हुआ समापन हुआ। प्रो गुप्ंता कार्यक्रंम को छात्रांओं के लिए बहुउपयोगी और आवश्ंयक बताया। मुख्ंय प्रंशिक्षंक योगेंद्रं ने छात्रांओं की अनुशासन एवं सहभागिता की प्रंशंसा की। मुख्ंय संयोजक डा अपराजिता ने छह दिनों के प्रंशिक्षंण कार्यक्रंम का विवरण प्रंस्तुंत किया। डा वीरेन, अनिता सिंह, डा लता कैरा, डा नीरज कांडपाल, डा सोनाली, ऋतिक, मनीष आदि सहयोग किया।




पिथौरागढ़ में शुक्रवार को एलएसएम परिसर में दो दिवसीय उद्यमिता स्टार्टअप बूट कैंप के शुभारंभ अवसर पर मंचासीन अतिथि • जागरण

# एलएसएम कैंपस में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का शुभारंभ

संस, पिथौरागढ़ : देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत एलएसएम परिसर में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप शुरू हुआ। प्रशिक्षण में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं व स्थानीय युवाओं ने प्रतिभाग किया।

शुक्रवार को कैंपस निदेशक डा. हेम चंद्र पांडेय की अध्यक्षता में कैंपस में उद्यमिता केंद्र की स्थापना की गई। अपने संबोधन डा. पांडेय ने उद्यमिता केंद्र को मील का पत्थर बताते हुए छात्र-छात्राओं को उद्यमिता एवं कौशल विकास में स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के डा. सुमित सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में स्वरोजगार की संभावनाओं से अवगत कराते हुए युवाओं को उद्यमिता संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही उद्यमिता के संबंध में छात्र-छात्राओं से सुझाव भी लिए। इस मौके पर डा. विवेक कुमार आर्या, अवनीश गड़कोटी, प्राचार्य डा. पुष्कर सिंह बिष्ट, डा. सरोज वर्मा, डा. रुचिता पंगरिया आदि मौजूद रहे।

Hindi News › Uttarakhand › Pithoragarh News › Star

# Pithoragarh News: स्टार्ट अप बूट कैंप से मिलेगी स्वरोजगार की नई दिशा

संवाद न्यूज एजेंसी, पिथौरागढ़ Updated Sat, 16 Dec 2023 10:38 PM IST




पिथौरागढ़। जिले में देवभूमि उद्यमिता योजन...
प्रशिक्षण कार्यक्रम ... अप बूट कैंप से
युवाओं को स्वरोज... का काम किया

एप में पढ़ें




मुख्यपृष्ठ > ukliveouttrakhan > महाविद्यालय नई टिहरी में खुला देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र

# महाविद्यालय नई टिहरी में खुला देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र

Author - Uk live
दिसंबर 30, 2023 2 minute read 0




*Team uklive*




POPULAR NEWS



1/1/24, 5:07 PM महाविद्यालय नई टिहरी में खुला देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र

अंतर्गत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान एवं उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में आयोजित बूट कैंप की सफल समाप्ति के अवसर पर महाविद्यालय में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना की गई । बूट कैंप के दूसरे दिन 19 छात्र-छात्राओं द्वारा उद्यम स्थापना के संदर्भ में अपने आकर्षक विचार निर्णायक मंडल के सम्मुख प्रस्तुत किए गए जिन पर गहनता से चर्चा की गई जिससे आने वाले समय में इन्हें भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के लिए अग्रिम प्रस्तुतीकरण हेतु भेजा जाएगा। कैंप में संस्थान के सलाहकार डॉ विनय नौटियाल ने अपने संबोधन सत्र में छात्र-छात्राओं को उद्यम किस प्रकार प्रारंभ किया जाता है इसमें आने वाली चुनौतियों का समाधान कैसे किया जा सकता है पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पुष्पा नेगी ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि हम स्वयं का उद्यम शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं और अनेक हाथों को रोजगार दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की देवभूमि उद्यमिता योजना समिति के संयोजक डॉ० पी० सी० पैन्यूली ने महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर नेगी का विशेष आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया कि उनके प्रयासों एवं प्रेरणा से ही यह कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हो पाई. इसके साथ ही संस्थान के सलाहकार डॉ विनय नौटियाल द्वारा छात्र-छात्राओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारीयो हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया. साथ ही उन्होंने समिति की सदस्य तथा मेंटोर डॉक्टर डॉक्टर हेमलता नौटियाल डॉ पुष्पा पवार. डॉ निशांत भट्ट. डॉ एस के कागडीयाल डॉक्टर सोबन कोहली



महाविद्यालय नई टिहरी में खुला देवभूमि उद्यमिता विकास
दिसंबर 30, 2023



काशीपुर मे हुई उत्तराखंड भाजपा प्रदेश पदाधिकारीयों
दिसंबर 30, 2023



महाविद्यालय में स्टार्टअप बूट कैंप का हुआ शुभारंभ
दिसंबर 28, 2023



डॉ० ए.पी.जे अब्दुल कलाम विचार मंच के स्वयंसेवकों ने
दिसंबर 29, 2023

# उद्यम शुरू करने के गुर बताए

● राधेहरि में दो दिवसीय स्टार्ट अप बूट कैंप का समापन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का समापन हो गया है।

महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को कैंप शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. विनोद प्रकाश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से आए मुख्य वक्ता डॉ. सुमित कुमार ने विद्यार्थी भविष्य में स्टार्टअप शुरू करने आदि उद्यमिता के बारे में जानकारी दी। दूसरे विशेषज्ञ डॉ. दीपक चौहान ने उदाहरणों के माध्यम से अपनी योग्यता की पहचान कर स्व. रोजगार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की। अरविंद खुराना ने स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम के तहत अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के फाइनेंशियल प्लान, म्यूचुअल फंड और शेयर मार्केट की बारीकियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया।

अहमदाबाद से प्रशिक्षण प्राप्त कर आए देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य कुमार मौर्य तथा सहायक नोडल अधिकारी डॉ. किशार चन्द जोशी ने भी देवभूमि उत्तराखंड में उद्यमिता के बारे में जानकारी दी। पहले दिन करीब 450 छात्र-छात्राओं ने देवभूमि उद्यमिता योजना में अपना पंजीकरण कराया।

शुक्रवार को दूसरे दिन भी उद्यमिता के बारे में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। वहां पर डॉ. एमके सिन्हा, डॉ. मीना शर्मा, डॉ. पुनीता कुशवाहा, डॉ. अमादुद्दीन अहमद, डॉ. ममतेश, डॉ. स्नेहलता मौर्य, डॉ. रीना चौरसिया, डॉ. नीरज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# देवभूमि उद्यमिता योजना : स्टार्ट अप शुरू कर उद्यमी बन सकते हैं छात्र



महाविद्याय में उद्यमिता योजना की जानकारी लेते विद्यार्थी। संवाद

**काशीपुर।** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय स्टार्ट अप बूट कैंप का समापन हो गया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से आए मुख्य वक्ता डॉ. सुमित कुमार ने कहा कि विद्यार्थी भविष्य में स्टार्ट अप शुरू कर उद्यमी बन सकते हैं। अहमदाबाद से प्रशिक्षण प्राप्त कर आए 'देवभूमि उद्यमिता योजना' के नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य कुमार मौर्य एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ. किशोर चन्द जोशी ने भी देवभूमि उत्तराखंड में उद्यमिता के बारे में जानकारी दी। वहां प्राचार्य प्रो. डॉ. विनोद प्रकाश अग्रवाल, डॉ. एमके सिन्हा, डॉ. मीना शर्मा, डॉ. लक्ष्मी देवी, डॉ. पुनीता कुशवाहा, डॉ. अमादुद्दीन अहमद, डॉ. ममतेश, डॉ. स्नेहलता मौर्य डॉ. दीपक, अरविंद खुराना आदि मौजूद रहे। संवाद

# स्थानीय उत्पादों से खोजें उद्यमिता के नये आयाम

## पीएनजी महाविद्यालय में बूट कैंप शुरू



**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत बूट कैम्प शुरू हो गया है। जिसका उद्घाटन प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से इस बूट कैंप का शत-प्रतिशत लाभ उठाकर उद्यमिता को बढ़ावा देने की बात कही। मुख्य वक्ता के रूप में देवभूमि उद्यमिता योजना ईडीआई अहमदाबाद के इंडस्ट्री एक्सपर्ट एण्ड फैकल्टी मेन्टर दीपक चौहान ने विद्यार्थियों को स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं तथा कार्यप्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को विभिन्न स्वरोजगार के तरीके तथा मौजूदा संसाधनों से नये उद्यम स्थापना के सन्दर्भ में प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चम्पावत से आये रिसोर्स पर्सन डॉ. किरन कुमार पन्त ने देवभूमि उद्यमिता योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्थानीय उत्पादों से उद्यमिता में रोजगार के नये आयामों को खोजने पर विशेष बल दिया, जिससे छात्र-छात्राएं अपने विद्यार्थी जीवन के साथ-साथ स्वयं का उद्यम प्रारम्भ कर रोजगार को बढ़ावा देने के साथ उत्तराखण्ड के उत्पाद को देश व विदेश में भी नयी पहचान दिलाने में भी अपना योगदान दे सकें। स्थानीय रिसोर्स पर्सन गणेश रावत ने उद्यमशीलता को अपने जीवन में धारण कर एक उत्कृष्ट उद्यमी बनकर अपने भविष्य को सफल बनाने की बात कही। मंच का संचालन डॉ.अल्का राजौरिया ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश चन्द्र, डॉ. देवाशीष, डॉ. दीपक खाती, डॉ. डीएन जोशी, डॉ. प्रकाश सिंह बिष्ट के अलावा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



बूट कैंप के दौरान मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

## विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ बनें उद्यमी : प्रो. पांडे

**रामनगर, अमृत विचार :** विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ उद्यमिता अपनाकर एक कुशल उद्यमी बन सकते हैं। यह बात बूट कैंप के समापन समारोह में कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य एमसी पांडे ने कही। उन्होंने भावी उद्यमी छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया। उच्च शिक्षा विभाग एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से रामनगर महाविद्यालय में दो दिवसीय बूट कैंप का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ .अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय में स्थापित देवभूमि उद्यमिता विकास केन्द्र के दो दिवसीय बूट कैंप में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें छात्र छात्राओं को उद्यमिता के विभिन्न पक्षों में प्रशिक्षित किया गया प्रशिक्षण के बाद समापन सत्र में 25 प्रतिभागियों ने अपना बिजनेस मॉडल भी प्रस्तुत किया। इस दौरान नोडल ऑफिसर डॉ .अनुराग श्रीवास्तव, सदस्य प्रकाश सिंह बिष्ट, डॉ . अल्का राजौरिया, डॉ . शिप्रा पन्त, डॉ . ममता भदोला जोशी, डॉ . दीपक खाती, डॉ . सुरेश चन्द्र, डॉ . हेम भट्ट आदि रहे।

शैलशक्ति

# लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय बूट कैंप का आयोजन

POSTED ON DECEMBER 31, 2023 BY रमाकान्त पन्त



खबर शेयर करें

हल्दूचौड़। रिम्पी बिष्ट।।।।। उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से दिनांक 29 दिसंबर एवं 30 दिसंबर को लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय बूट कैंप का आयोजन किया गया किया गया कार्यक्रम में 250 से अधिक छात्र-छात्राओं तथा प्राध्यापकों ने प्रतिभा किया कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अंजू अग्रवाल एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से विषय विशेषज्ञ डॉक्टर सुमित कुमार तथा नोडल ऑफिसर डॉक्टर विपिन चंद्र जोशी द्वारा किया गया। प्रोफेसर अंजू अग्रवाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को भविष्य में रोजगार की संभावनाएं बढ़ाने के लिए बूट कैंप में नए-नए त्रिकोण को डिस्कस किया जाएगा और इस कैंप के माध्यम से स्टार्टअप एवं उद्यमिता के अवसर छात्र-छात्राओं को पता चलेंगे स्टार्टअप एवं उद्यमिता के द्वारा हम अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं डॉक्टर सुमित कुमार ने बताया की भविष्य में स्वरोजगार ही एकमात्र ऐसा साधन है जिससे हम



केंद्र के सदस्य डॉक्टर मनोज जोशी डॉक्टर सुनील पंत डॉक्टर भगवती तिवारी तथा प्राध्यापक गण उपस्थित थे।

विद्यार्थी उच्च शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ उद्यमिता अपना कर एक कुशल उद्यमी बन सकते हैं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिग्विजय सिंह ने बूट कैंप में फाइनेंशियल लिटरेसी के विषय में विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों से वित्तीय जानकारी के विषय में विस्तार से चर्चा की उन्होंने वित्तीय जानकारी के महत्व पर प्रकाश डाला तथा किसी भी उद्यम एवं संस्थान में वित्तीय प्रबंधन के योगदान पर जानकारी दी।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा अपने विचारों को साझा किया गया उसमें से उत्तम विचारों को देहरादून में आयोजित होने वाले मेगा बूट कैंप में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा जहां सरकार अच्छे विचारों को वित्तीय मदद देने में सहयोग करेगी

# देवभूमि उद्यमिता योजना के ब्रीफिंग सेशन में फैकल्टी एवं छात्र-छात्राओं को उद्यमिता एवं स्टार्टअप के लिए किया गया प्रेरित

बुलन्द वाणी संजय राजपूत




कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल। डॉ पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में उत्तराखण्ड सरकार की रोजगारपरक हृदेवभूमि उद्यमिता योजनाह्न के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार की अध्यक्षता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं फैकेल्टी को उद्यमिता एवं स्टार्टअप के प्रति प्रेरित करने के लिए ब्रीफिंग सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके महाविद्यालय देवभूमि उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ० एस० के० गुप्ता तथा भौतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ मुकेश रावत ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी के साथ प्रशिक्षण में प्राप्त अनुभव साझा किये। डॉ० एस०के० गुप्ता ने इस योजना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि उत्तराखंड सरकार, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के सहयोग से इस योजना के माध्यम से 50000 छात्रों को उद्यमिता एवं स्टार्टअप के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी , जिसके लिए प्रदेश भर में 125 उद्यमिता केंद्रो की स्थापना की जा रही है तथा 350 से अधिक शिक्षकों को उद्यमिता विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि सरकार का लक्ष्य देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत 15000 नए उद्यमों की स्थापना करके 40000 रोजगार के नए अवसर पैदा करना है, जिससे राज्य से हो रहे पलायन को रोका जा सकेगा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में शीघ्र ही एक दिवसीय कार्यशाला एवं दो दिवसीय बूट कैंप के माध्यम से उद्यमिता एवं स्टार्टअप के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जाएगा, जिसमें से 30 चयनित छात्रों हेतु एक 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने उत्तराखंड के उत्पादों , पर्यटन, आतिथ्य उद्योग, योग, होम स्टे योजना , आयुर्वेद , मत्स्य पालन इत्यादि के बारे में भी व्यापक चर्चा की। इस अवसर पर डॉ मुकेश रावत ने उद्यमिता तथा स्टार्टअप के क्षेत्र में नवीन वैज्ञानिक तकनीकों के प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की। भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर किशोर सिंह चौहान ने उत्तराखंड राज्य में उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से उद्यमिता विकास पर जोर दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के बी एससी तृतीय वर्ष के छात्र अधिप राज रिठियल एवं कुलदीप सिंह ने भी अपने द्वारा स्थापित किए गए स्टार्टअप के अनुभव साझा किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने उद्यमिता एवं स्टार्टअप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाविद्यालय तथा कोटद्वार के आसपास के क्षेत्र के युवाओं को उद्यमिता, स्टार्टअप , कौशल विकास तथा स्वरोजगार हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित करने का कार्य महाविद्यालय उद्यमिता केंद्र द्वारा शुरू किया जा चुका है । उन्होंने स्थानीय युवाओं एवं छात्रों में प्रतिभा व कौशल की खोज करने , उद्यमिता और स्टार्टअप के प्रति जागरूकता बढ़ाने, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने, उद्यमिता हेतु फंडिंग उपलब्ध करवाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में उद्यमिता विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि देव भूमि उद्यमिता योजना इस क्षेत्र के विकास के लिए बहुत ही कारगर साबित होगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रियंका अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ सुनीता नेगी, डॉ रिचा जैन , डॉ अंशिका बंसल, डॉ सुरेश कुमार , डॉ नवरत्न सिंह, डॉ नंदी गढ़िया , डॉ स्मिता तिवारी, डॉ विनोद सिंह, डॉ तृप्ति दीक्षित, डॉ संदीप अग्रवाल, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ कविता रावत, डॉ ज्ञानेश पांडे, डॉ विमल त्यागी, डॉ अंकिता भट्ट आदि प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# उद्यमिता पर की गई कार्यशाला

डीडीहाट। नारायण नगर महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ. टीका सिंह ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता की जानकारी दी।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार तिवारी ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता कौशल विकास के लिये प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर डॉ.प्रमोद कोठारी, डॉ.अनुल हुदा, डॉ. शिखर पाण्डेय,डॉ. रोहित पांडेय, डॉ.नितिन कुमार, डॉ.अशोक कुमार मौर्या, डॉ. प्रखर बिष्ट, डॉ.बबीता सेलाकोटी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अलंकृता सिंह ने किया।

livehindustan.com/uttarakhand/uttarkashi/story-students-learned-the-tricks-of-entrepreneurship-development-in-purola-91097

हिन्दुस्तान

ऐप में फ्री
ई- पेपर
शहर चुनें

होम राज्य क्विज राशिफल 2024 NEW देश क्रिकेट मनोरंजन करियर फोटो वीडियो बिजनेस धर्म


भू-कानून पर एक कदम और बढ़ी सीएम धामी सरकार, यह हो रही है तैयारी


अस्पतालों में घर बैठे अप्वाइंटमेंट, ऐसे करनी होगी बुकिंग


छात्रा फंदे पर झूलती मिली, छात्रा के कदम से घर में मचा कोहराम


पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण,सीएम धामी ने कहीं ये बातें


नये साल पर मौसम पर बड़ा अपडेट, इन जिलों में होगी बारिश-बर्फबारी

# पुरोला में छात्रों ने सीखे उद्यमिता विकास के गुर

पुरोला। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात एवं उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से बीएल जुवांठा पुरोला। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान...

हिन्दुस्तान

Newswrap ● हिन्दुस्तान टीम,उत्तरकाशी
Sun, 24 Dec 2023 03:15 PM

हमें फॉलो करें

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात एवं उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से बीएल जुवांठा महाविद्यालय में दो दिवसीय उद्यमिता विकास गोष्ठी आयोजित हुई। साथ ही बूट कैंप देवभूमि उद्यमिता कैम्प की स्थापना की गई।

दो दिवसीय बूट कैम्प के प्रथम दिवस भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान गुजरात से आये विशेषज्ञ गौतम कुमार ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता व विचारों को उद्यम में परिवर्तित कर नये विचारों से रोजगार सृजन के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने छात्रों को व्यवसायिक कैनवास पर व्यवसायिक मॉडल बनाने के टिप्स दिये। कैंप के मुख्य अतिथि, पहाड़ी उत्पादों के व्यवसायी नरेश नौटियाल व हार्क संस्था के राकेश कुमार समेत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी तथा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा विनय नौटियाल ने व्यवसाय शुरू करने एवं स्वरोजगार व मार्केटिंग रणनीति के बारे में विस्तार से छात्रों को जानकारी दी। वहीं महाविद्यालय के प्राध्यापक कृष्ण देव रतूड़ी ने बागवानी और डॉ.विशम्बर जोशी ने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग, स्टॉक, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज सहित म्यूचुअल फंड और स्टॉक मार्केटिंग के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर राजेंद्र लाल आर्य, गौहर फातिमा, डॉ.तबस्सुम, विनोद कुमार, भुपाल सिंह कार्की, नरेश, फातिमा खान व मनबीर, जगनाथ असवाल, कुंदन सिंह,बलबीर चौहान थे।




**पिथौरागढ़ के नारायण नगर महाविद्यालय** में उत्तराखंड सरकार व भारतीय उद्यमिता विकास संस्था अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डा. टीका सिंह ने वर्तमान समय में स्थानीय स्तर पर छात्र व छात्राओं के पास परंपरागत रोजगार के साथ – साथ उद्यमिता के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं होने व इन संभावनाओं का अधिकतम उपयोग कर स्वयं का रोजगार करने व अन्य को रोजगार देने की बात कही। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के उदेश्य को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने को कहा। बताया कि **आगे पढ़े**

इस योजना के अंतर्गत अगले चरण में महाविद्यालय स्तर पर बूट कैंप आयोजित कर उसमें से चयनित विद्यार्थियों के उद्यम संबंधी विचारों को मेघा स्टर्टि अप के लिए भेजा जाएगा। जहां पर छात्र – छात्राओं को राज्य स्तरीय प्लेटफार्म मिलने के साथ ही वित्तीय शिक्षा, कम्युनिकेशन स्किल, स्थानीय संभावनाओं से संबंधित व्यवसायों के बारे में प्रशिक्षित किया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्रचार्य डा. सुधीर कुमार तिवारी, डा. प्रमोद कोठारी, डा. अनुल हुडडा, डा. शिखर पांडे, डा. रोहित पांडे, डा. नितिन कुमार, डा. अशोक कुमार मोर्या, डा. प्रखर बिष्ट, डा. बबीता सेलाकोटी आदि मौजूद थे। संचालन डा. अलंकृता सिंह द्वारा किया गया। **आगे पढ़े ........**

# सबसे तेज प्रधान टाइम्स

# राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी में आयोजित होगा दो दिवसीय बूट कैंप

गबर सिंह भण्डारी

**हरिद्वार/पैठाणी/श्रीनगर गढ़वाल ( सबसे तेज प्रधान टाइम्स )।** देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी पौड़ी गढ़वाल में स्थापित देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र में आगामी 27 दिसंबर 2023 एवं 28 दिसंबर 2023 को दो दिवसीय बूट कैंप का आयोजन भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद एवं उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। योजना के नोडल अधिकारी गौरव जोशी ने बताया कि बूट कैंप में प्रशिक्षण के माध्यम से स्टार्टअप,




उद्यमिता आइडियाज ,समस्या का चुनाव ,बिजनेस वैल्यू, ब्रॉडिंग, फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा ,उत्तराखंड उत्पाद, पर्यटन ,योग ,आयुर्वेद, हर्बल, छात्र उद्यमिता, देवभूमि उद्यमिता योजना और इसके सशक्त प्रभावीकरण पर उद्यमिता के क्षेत्र में विषय विशेषज्ञ जानकारी देंगे। कैंप के लिए व्यावसायिक एवं उच्च शिक्षा में अध्यनरत सभी छात्र-छात्राएं निशुल्क हाइब्रिड मोड में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन पंजीकरण हेतु ऑनलाइन लिंक https://duy-heduk.org/registration/participant पर आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य प्रो.डी.एस.नेगी ने बताया कि बूट कैंप के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# सबसे तेज प्रधान टाइम्स

## राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय पैठाणी में स्थापित देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र में शुरू हुआ दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप

गबर सिंह भण्डारी



**हरिद्वार/श्रीनगर गढ़वाल (सबसे तेज प्रधान टाइम्स)।** उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के सहयोग से आज दिनांक 27 दिसंबर 2023 को राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय बनास, पैठाणी पौड़ी गढ़वाल में स्थापित देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र में छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय बूट कैंप का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय पाबों, मजरामहदेव, एवं व्यावसायिक महाविद्यालय पैठाणी से लग-भग 150 छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक प्रोफेसर डी.एस.नेगी ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को भविष्य में रोजगार की संभावनाएं इस तरह के प्रशिक्षण शिविरो में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने से ही स्वरोजगार के नए आयाम प्राप्त होंगे। स्टार्टअप एवं उद्यमिता के द्वारा हम अन्य लोगों को भी अपने साथ जोड़कर रोजगार दे सकते हैं। महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी एवं मेंटर गौरव जोशी ने छात्र-छात्राओं को देवभूमि उद्यमिता योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं भविष्य में उद्यमिता अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह रौथाण पूर्व दर्जामंत्री और सामाजिक कार्यकर्ता ने अपने स्टार्टअप राज होटल एवं अपने जीवन की शुरुआत से लेकर वर्तमान तक की उद्यमिता यात्रा एवं अनुभव को विस्तार से छात्र-छात्राओं के समक्ष साझा किया।भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से उपस्थित गौतम कुमार प्रसाद ने छात्र-छात्राओं से वर्तमान समय की मांग क्या है और हम किस-किस क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं, इस विषय पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने विचार साझा किये और उन्हें उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ.प्रकाश फोंदणी असिस्टेंट प्रोफेसर ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होने वाले स्वरोजगार के साधनों से भी अवगत कराया। इस कार्यक्रम में देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र पाबों के नोडल अधिकारी डॉ.गणेश चंद ,मजरा महादेव के नोडल अधिकारी डॉ.सी.बी. नैनवाल के साथ-साथ व्यावसायिक महाविद्यालय पैठाणी के सम्मानित प्राध्यापक एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्व0 बर्फिया लाल जुवांठा स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में देवभूमि उद्यमिता कैम्प की स्थापना के साथ दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**उत्तरकाशी।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद व उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार के सहयोग से स्व0 बर्फिया लाल जुवांठा स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में देवभूमि उद्यमिता कैम्प की स्थापना और दो दिवसीय बूट कैम्प के प्रथम दिवस में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात के विशेषज्ञ गौतम कुमार,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के तिवारी और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ विनय नौटियाल, छात्र संघ के अध्यक्ष अजय और ऋतिक ने द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। प्रथम दिवस में छात्रों को उद्यमिता और विचारों को उद्यम में परिवर्तित और नये विचारों से रोजगार सृजन के बारे में विस्तार से बताया गया। छात्रों को व्यवसायिक कैनवास पर व्यवसायिक मॉडल बनाने के टिप्स दिये गए और छात्रों द्वारा व्यवसायिक विचारों का कैनवास तैयार किया गया।




द्वितीय दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि, पहाड़ी उत्पादों के व्यवसायी नरेश नौटियाल व हार्क संस्था के राकेश कुमार और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के तिवारी ने द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ विनय नौटियाल द्वारा व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक जानकारी छात्रो को दी गयी, मुख्य अतिथि नरेश नौटियाल ने छात्र छात्राओं को स्वरोजगार के प्रति अपने अनुभव व मार्केटिंग रणनीति के बारे में विस्तार से बताया।

राकेश कुमार द्वारा उद्यमिता के लिए क्षेत्र में संभावनाओं पर विचार रखे गए, कृष्ण देव रतूड़ी ने बागवानी पर अपने अनुभव बतायें, डाश बिशम्बर जोशी ने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के बारे में जानकारी दी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रतिनिधि वीरेंद्र अवस्थी द्वारा म्यूचुअल फंड और स्टॉक मार्केटिंग के बारे में जानकारी दी गयी। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपने-अपने बिजनेस आइडिया को विशेषज्ञ समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के तिवारी, कार्यक्रम के नोडल डॉ विनय नौटियाल और विशेषज्ञ अतिथियों द्वारा महाविद्यालय में देवभूमि उद्यामिता केंद्र की स्थापना का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र लाल आर्य और गौहर फातिमा द्वारा मंच संचालन, डॉ तबस्सुम, विनोद कुमार, भुपाल कार्की, नरेश, फातिमा खान, मनबीर, जगनाथ असवाल, कुंदन सिंह, बलबीर चौहान, प्रताप सिंह, सरोज, ललिता, कुशमिला, अष्टम, सुमन, रमेश, प्रहलाद और छात्र अनुज, विवेक, शीशपाल, नीरज, मुकुलदेव, अश्वनी, देव, रोहन, तुषार और प्रकृति द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# गोपेश्वर महाविद्यालय में आयोजित हुआ देवभूमि उद्यमिता योजना के लिए जागरूकता कार्यक्रम

Posted on December 21, 2023 by India Today Headlines team




चमोली

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोपेश्वर में उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय में कार्यरत अन्य प्राध्यापक एव अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उद्यमशीलता, स्थानीय स्तर पर उद्यमिता का संभावनाएं और देवभूमि उद्यमिता योजना का महाविद्यालय-स्तर पर क्रियान्वन के संबंध में अवगत करना था।

उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डा. रोहित वर्मा ने बताया कि आज के समय में छात्र-छात्राओं के पास परंपरागत रोजगार के साथ-साथ उद्यमिता के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं है जिससे व्यक्ति स्वरोजगार के साथ दूसरों को भी रोजगार दे सके। डा० रोहित वर्मा ने देवभूमि उद्यमिता योजना के उद्देश जैसे छात्र-छात्राओं में उद्यमशीलता का विकास, नवाचार और उद्यम में संभावनाएं, स्थानीय-समस्याओं का निराकरण आदि को विस्तार के समझाया।

डा. रोहित वर्मा ने बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना के अगले चरण में बूट-कैंप में चयनित छात्र-छात्राओं के उद्यम संबंधी विचारो को चयनित कर प्रस्तावित मेगा-स्टार्टअप में भेजा जाएगा, जहां छात्र-छात्राओं को राज्य-स्तरीय प्लेटफ़ार्म मिलेगा। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को वित्तीय शिक्षा, कम्युनिकेशन स्किल, स्थानीय संभावनाएं आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा।

इस अवसर पर में डॉ. जगमोहन सिंह नेगी, डॉ. दीपक दयाल, डॉ. रूपेश कुमार, डॉ. हर्षि खंडूरी, डॉ पीएल शाह आदि उपस्थित रहे।


Posted in उत्तराखंड

Home / शिक्षा / देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय बूट कैंप का शुभारंभ

featured | Uncategorized | अपराध | उत्तराखंड | खेल | देश-विदेश | पर्यटन | पुलिस | यूथ | राजनीति | शिक्षा | सामाजिक | स्वास्थ्य

# देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय बूट कैंप का शुभारंभ

Web Editor · 2 weeks ago   0  198  1 minute read




**बीबीसी ख़बर, न्यूज नेटवर्क पुरोला**

Purola (Dec.21/2023) बर्फिया लाल जुवांठा स्नातकोतर महा विद्यालय पुरोला में दो दिवसीय बूट कैम्प का प्राचार्य एके तिवारी ने आज विधिवत शुभारंभ किया। उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार की देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत छात्रों को उद्यम स्थापित करने के उदेश्य से इस जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।




भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात से उद्यम विशेषज्ञ गौतम प्रसाद द्वारा उद्यमिता के सम्बन्ध में छात्रों के साथ विस्तार से विचार प्रस्तुत किए गए तथा उनके साथ वार्ता लाप कर छात्रों के जिज्ञासाओं द्वारा प्रस्तुत सवालों का जवाब भी दीया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के तिवारी ने क्षेत्र में उद्यमिता के अवसरों के सदुपयोग के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए, महाविद्यालय से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के नोडल और मेंटर डॉ विनय नौटियाल द्वारा छात्रों को कार्यक्रम की उपयोगिता, विचारों को व्यवसायिक विचारों में परिवर्तित करने, व्यवसायिक कैनवास तैयार कर, व्यवसायिक मॉडल बनाने के टिप्स और उद्यमिता योजना से मिलने वाले सहयोग के सम्बन्ध में बिचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पुरोला के छात्रों और प्रभारी द्वारा भी सक्रिय भागीदारी निभाई गयी।

# उत्तराखण्ड के सीमांत महाविद्यालय बलुवाकोट में देवभूमि उद्यमिता कौशल विकास केंद्र स्थापित किया गया : डॉ० चंद्रा नबियाल

**बुलन्द वाणी संजय राजपूत**






**पिथौरागढ़, बलुवाकोट।** उत्तराखण्ड राज्य सरकार की बहुदेशीय परियोजना को क्रियान्वित करते हुऐ उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड व भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के समन्वित प्रयास के उपरांत तृतीय उद्यमिता मैंटरशिप प्रोग्राम मे राजकीय महाविद्यालय बलुवाकोट की चंद्रा नबियाल द्वारा उद्यमिता कौशल विकास प्रशिक्षण एउक्क अहमदाबाद से सफलता पूर्वक प्राप्त किया गया। जिसके अंतर्गत उन्होने महाविद्यालय से उत्तीर्ण व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं पर केंद्रित क्षेत्रीय आजीविका से उद्यमिता कौशल की प्राप्ति की प्रक्रिया की जानकारी हासिल की। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति अथवा समाज के उत्थान को संभव बनाया जा सके। उद्यमिता कौशल विकास की सफलता को क्षेत्रीय आजीविका के नये कलेवर व प्रचलित तकनीकी विधाओं द्वारा प्राप्त किया जा सकता है, जैसे- होम स्टे एथनिक टूरिज्म, नेचुरल केयर सेंटर, योगा सेंटर आदि। सर्वप्रथम महाविद्यालय की संबंधित समिति द्वारा उद्यमिता केंद्र की स्थापना के पश्चात छात्र-छात्राओं को कौशल विकास व रोजगार के नये आयामों से परिचित कराया जायेगा तथा स्टार्ट अप, सूक्ष्म व लघु उद्योगों की निपुणता की दिशा मे प्रेरित किया जायेगा। इसी क्रम मे देवभूमि उद्यमिता पोर्टल पर इच्छुक छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन जारी रहेगा तथा छात्र-छात्राओं को नित स्व-रोजगार हेतु प्रेरणा प्रदत्त की जाती रहेगी जिस हेतु महाविद्यालय मे बूट कैंप व अन्य प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेगे जिसमे प्रेरणादायी व्यक्तित्व, बैंकर्स, अकादमिक व प्रोफेशनल का योगदान अपेक्षित रहेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अतुल चंद द्वारा महाविद्यालय मे उपरोक्त कार्यक्रम के शुभारंभ पर अत्यंत हर्ष व सकारात्मकता प्रदर्शित की गयी व महाविद्यालय मे उद्यमिता कौशल विकास केंद्र की स्थापना की गयी, तथा नोडल अधिकारी डॉ० चंद्रा नबियाल को उपरोक्त कार्य के लिये बधाई व शुभकामनाऐं तथा हर प्रकार का अपेक्षित सहयोग प्रदान करने की घोषणा की गयी। इस मौके पर महाविद्यालय के डॉ० नवीन कुमार, डॉ० पूर्णिमा विश्वकर्मा, डॉ० विकेश सिंह, डॉ० संदीप कुमार, डॉ० सुधीर जोशी, डॉ० नक्षत्र पाठक, डॉ० के०एस०राना व महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

amarujala.com

नैनीताल | शनिवार, 23 दिसंबर 2023

5

# बलुवाकोट में बना कौशल विकास केंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी

**धारचूला (पिथौरागढ़)।** राजकीय महाविद्यालय बलुवाकोट में देवभूमि उद्यमिता कौशल विकास केंद्र स्थापित किया गया है।

अहमदाबाद के उद्यमिता कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षित डॉ. चंद्रा नबियाल ने बताया कि छात्र-छात्राओं को कौशल विकास व रोजगार के नए अवसरों की जानकारी दी जाएगी। उन्हें स्टार्ट अप, सूक्ष्म, लघु उद्योगों की निपुणता की दिशा में प्रेरित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि देवभूमि उद्यमिता पोर्टल पर इच्छुक छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन जारी रहेगा। महाविद्यालय में बूट कैंप आयोजित किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ. अतुल चंद ने उद्यमिता कौशल विकास केंद्र की स्थापना पर खुशी जताई।

इस मौके पर डॉ. नवीन कुमार, डॉ. पूर्णिमा विश्वकर्मा, डॉ. विकेश सिंह, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सुधीर जोशी, डॉ. नक्षत्र पाठक, डॉ. केएस राना आदि मौजूद रहे।

# उद्यमिता कौशल विकास केंद्र की हुई स्थापना

पिथौरागढ़। सीमांत महाविद्यालय बलुवाकोट में देवभूमि उद्यमिता कौशल विकास केंद्र की स्थापना की गई। शुक्रवार को प्राचार्य डॉ.अतुल चंद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बताया कि तृतीय उद्यमिता मैंटरशिप प्रोग्राम में डॉ.चंद्रा नबियाल का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। जिसके बाद उनको नोडल अधिकारी बनाया गया है। यहां डॉ.नवीन कुमार, डॉ. पूर्णिमा विश्वकर्मा, डॉ. विकेश सिंह आदि रहे।

# चौबट्टाखाल कालेज में स्थापित होगा उद्यमिता केंद्र

**कोटद्वार/सतपुली।** युवाओं में उद्यमिता कौशल विकसित करने के लिए राज्य सरकार की पहल पर महाविद्यालयों में उद्यमिता केंद्रों की स्थापना की जा रही है। इन उद्यमिता केंद्रों में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्टार्ट अप के लिए प्रेरित किया जाना है। राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल में भी उद्यमिता केन्द्र की स्थापना की जाएगी। प्राचार्य डा. विमल कुकरेती ने बताया केन्द्र के लिए डा. श्रवण कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। बताया कि विद्यार्थियों को उद्यमशील बनाने के लिए कालेज स्तर पर 40 बूथ कैंपों का आयोजन किया जाएगा। नोडल अधिकारी डा. श्रवण कुमार ने बताया कि योजना को लेकर 20 बिन्दुओं पर आधारित एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम, नए बिजनेस आइडिया की पहचान सहित अन्य बिंदुओं पर कार्य किया जाना है। यह युवाओं के लिए लाभदायक होगा।

# चौबट्टाखाल में खुलेगा उद्यमिता केंद्र

संवाद सहयोगी, कोटद्वार : युवाओं में कौशल विकसित करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल में उद्यमिता केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए बाकायदा युवाओं को जागरूक भी किया जा रहा है।

केंद्र स्थापित होने से पूर्व महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डा. श्रवण कुमार ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्था (ईडीआइआइ) की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। उद्यमिता केंद्र की मदद से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मार्च 2024 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और राज्य के क्षेत्रीय उद्यमिता केंद्र देहरादून के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय चैबट्टाखाल में केंद्र स्थापित किया जाएगा। प्रशिक्षण लेने के लिए युवाओं को पंजीकरण करना होगा। प्रशिक्षण केंद्र में डा. सुनील कुमार, डा. हेमंत जोशी, डा. प्रवीण कुमार डोभाल, डा. नम्रता सिंह पंवार, ऋतु टम्टा, धनंजय त्रिपाठी, डा. भरतपाल सिंह, डा. रणजीत कुमार, अतुल बलूनी आदि सहयोग देंगे।

गढ़वाल की और भी खबरें पढ़ें
www.jagran.com

# चौबट्टाखाल में खुलेगा उद्यमिता विकास केंद्र

कोटद्वार। युवाओं के अंदर उद्यमित्ता कौशल विकसित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की पहल पर राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल, पौड़ी गढ़वाल में उद्यमिता केंद्र की स्थापना की जा रही है। केंद्र संचालन के लिए अहमदाबाद से प्रशिक्षण लेकर यहां लौटे डॉ. श्रवण कुमार को नोडल अधिकारी तैनात किया गया है। उद्यमिता केंद्र में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में उद्यम कौशल विकसित कर उन्हें स्वरोजगार की दिशा दी जाएगी। प्राचार्य प्रो. डॉ. विमल कुकरेती ने बताया कि 40 बूट कैंप शिविरों का आयोजन कालेज स्तर पर किया जाएगा। प्रत्येक बूट कैंप में 250 विद्यार्थियों के प्रशिक्षण की योजना है। इसके लिए पंजीकरण आरंभ कर दिए गए हैं। डॉ. सुनील कुमार, डॉ. हेमंत जोशी आदि सहयोग करेंगे। संवाद

# चौबट्टाखाल में खुलेगा उद्यमिता केंद्र

[illegible]




पिथौरागढ़ में शुक्रवार को एलएसएम परिसर में दो दिवसीय उद्यमिता स्टार्टअप बूट कैंप के शुभारंभ अवसर पर मंचासीन अतिथि ● जागरण

# एलएसएम कैंपस में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का शुभारंभ

**संस, पिथौरागढ़ :** देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत एलएसएम परिसर में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप शुरू हुआ। प्रशिक्षण में 200 से अधिक छात्र–छात्राओं व स्थानीय युवाओं ने प्रतिभाग किया।

शुक्रवार को कैंपस निदेशक डा. हेम चंद्र पांडेय की अध्यक्षता में कैंपस में उद्यमिता केंद्र की स्थापना की गई। अपने संबोधन डा. पांडेय ने उद्यमिता केंद्र को मील का पत्थर बताते हुए छात्र–छात्राओं को उद्यमिता एवं कौशल विकास में स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के डा. सुमित सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में स्वरोजगार की संभावनाओं से अवगत कराते हुए युवाओं को उद्यमिता संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही उद्यमिता के संबंध में छात्र–छात्राओं से सुझाव भी लिए। इस मौके पर डा. विवेक कुमार आर्या, अवनीश गड़कोटी, प्राचार्य डा. पुष्कर सिंह बिष्ट, डा. सरोज वर्मा, डा. रुचिता पंगरिया आदि मौजूद रहे।